**कार्य पत्रिका**

**कक्षा दस**

**पुस्तक- कृतिका**

**पाठ- माता का अंचल, जॉर्ज पंचम की नाक. साना-साना हाथ जोड़ि**

## बहुविकल्पीय प्रश्न

प्रश्न 1) भोलानाथ पूजा के समय मस्तक पर कैसा तिलक लगवाते थे?

(क ) चंदन का

(ख) भभूत का

(ग) हल्दी का

( घ)सिंदूर का

प्रश्न 2) लेखक भोलानाथ के पिता रामनामा बही में कितनी बार राम राम लिखते थे?

(क) एक हजार बार

(ख) ग्यारह सौ बार

(ग) 108 बार

(घ) 1008 बार

प्रश्न 3) लेखक का असली नाम क्या था?

(क) शिवपूजन सहाय

(ख) तारकेश्वर नाथ

(ग) रामनाथ

(घ) भोलानाथ

प्रश्न 4) अमोला किसे कहते हैं ?

(क)आम का उगता हुआ पौधा

(ख) आंवला

(ग)अनार का पेड़

(घ) एक प्रकार की सब्जी

प्रश्न 5) माता का अंचल उपन्यास में कब का घटनाक्रम अंकित है?

(क) उन्नीस सौ तीस के दशक का

(ख) उन्नीस सौ चालीस के दशक का

(ग) उन्नीस सौ पचास के दशक का

(घ) उन्नीस सौ बीस के दशक का

प्रश्न 6) लेखक को उनके पिता क्या कह कर पुकारते थे?

(क) भोलानाथ

(ख) तारकेश्वर नाथ

(ग) शिव पूजन

(घ) हरि नंदन

प्रश्न 7) सांप से डर कर भोलानाथ ने कहां शरण ली?

(क)पिताजी के पास

(ख) माता के अंचल में

(ग) मित्र के घर

(घ)पाठशाला में

प्रश्न 8 )विपदा के समय बालक माता के पास ही क्यों शरण लेता है?

(क) माता सहनशील होती है ।

(ख) माता बच्चे की अधिक सहायता करती है।

(ग) माता का अंचल प्यार और शांति देने वाला होता है।

(घ) माता बच्चे को गलती पर नहीं डांटती।

प्रश्न 9) भोलानाथ को कौन सी शरारत महंगी पड़ी?

(क) चूहे के बिल में पानी डालना

(ख) गुल्ली डंडा खेलना

(ग) मित्रों के साथ तरह तरह के खेल खेलना

(घ) बारातियों को चिढ़ाना

प्रश्न 10) चूहों के बिल में पानी डालने से बिल में से क्या निकला?

(क) चूहा

(ख) सांप

(ग) छछूंदर

(घ ) बिच्छू

प्रश्न 11) लेखक का बचपन में किससे अधिक जुड़ाव था ?

(क) अपनी माता से

(ख) अपने पिता से

(ग) अपने भाई से

(घ) अपने चाचा से

प्रश्न 12) लेखक बचपन में अपने पिताजी के साथ कौन सा खेल खेलता था?

(क) कबड्डी

(ख) कुश्ती

(ग ) मिठाई की दुकान

(घ) बारातियों का जुलूस

प्रश्न 13 )जब भोलानाथ चूहे के बिल में पानी डाल कर आया उस समय उसकी मां क्या कर रही थी?

(क) वह सो रही थी।

(ख) वह हल्दी पीस रही थी ।

(ग) वह चावल साफ कर रही थी।

(घ) वह खाना बना रही थी ।

प्रश्न 14) मां ने भोला नाथ के घावों पर क्या लगाया ?

(क) दवाई

(ख) मरहम

(ग) नीम के पत्ते

(घ) पिसी हुई हल्दी

प्रश्न 15) मकई के खेत में किसका झुंड चर रहा था?

(क)बकरियों का

(ख )चिड़ियों का

(ग )भैंसों का

(घ) भेड़ों का

प्रश्न 16) भोलानाथ और उनके साथी अक्सर खेल में गाया करते थे---

(क) फिल्मी गीत

(ख) लोकगीत

(ग) राजस्थानी गीत

(घ) तुकबंदी

प्रश्न 17) लड़के और ----------- पराई पीर नहीं समझते।

(क) बंदर

(ख) लंगूर

(ग) घोड़े

(घ) गधे

प्रश्न 18} भोलानाथ और उसके साथी मूसलाधार बारिश में पेड़ की जड़ से कैसे चिपक गए थे ?

(क) जैसे चींटी गुड़ से चिपक जाती है।

(ख) जैसे बिच्छू अपने शिकार पर चिपक जाता है ।

(ग) जैसे शरीर से जोंक चिपक जाती है।

(घ)जैसे कुत्ते के कान में अठाई चिपक जाती है।

प्रश्न 19)' बुढ़वा बेईमान मांगे करेले का चोखा ' कहकर बच्चों ने किस को चिढ़ाया था?

(क) स्कूल के हेड मास्टर मूसन तिवारी को

(ख) ग्रामीण लोगों को

(ग) ददरी के मेले में जाने वाले लोगों को

(घ) बूढ़े दूल्हे को

प्रश्न 20) भोलानाथ और उसके साथी कौन सा खेल नहीं खेलते थे?

( क) क्रिकेट का खेल

(ख) खेती का खेल

(ग) ज्योनार का खेल

(घ) मिठाई की दुकान

प्रश्न 21) दो लड़के बैल बनकर क्या खींचते थे?

(क)मोट खींचते थे

(ख)हल खींचते थे

( ग) बैलगाड़ी खींचते थे

(घ) आपस में लड़ते थे

प्रश्न 22) भोलानाथ मित्रों को देखकर सिसकना भूल जाते थे क्योंकि -----

(क)उन्हें मित्रों के साथ खेलना बहुत पसंद था।

(ख) वह खेलने के बहुत शौकीन थे

(ग)मित्रों के सामने रोना नहीं चाहते थे

(घ) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 23) भोलानाथ और उसके साथी घरौंदे के खेल में अपने घर वाले के किवाड़ किस चीज से बनाते थे?

(क) पेड़ के पत्तों से

(ख)उत्तर पुस्तिका के गत्ते से

(ग) टूटे हुए कनस्तर से

(घ) दियासलाई की डिबिया से

प्रश्न 24) भोला नाथ की मां कहती थी कि---

(क)मरदुए बच्चों को खिलाना नहीं जानते

(ख) महतारी के हाथ से खिलाने पर बच्चों का पेट भरता है

( ग) बच्चों को अधिक नहीं खिलाना चाहिए

(घ) विकल्प 1 व 2 सही है

प्रश्न 25) जब मां मैया भोलानाथ को काजल की बिंदी लगाती और चोटी में फूलदार लट्टू बांधतीं तब भोलानाथ-----

(क)कन्हैया लगने लगते

(ख) शिव लगने लगते

(ग)विष्णु लगने लगते

(घ) बम भोला लगने लगते

प्रश्न 26) भोलानाथ द्वारा खेले गए खेलों के विषय में कह सकते हैं कि------

(क) पहले खेलों की सामग्री घर से ही एकत्रित की जाती थी।

(ख) पहले के खेलों में पिता का प्यार भी सम्मिलित होता था।

(ग) पहले के खेलों से परस्पर आत्मीयता का भाव बढ़ता था ।

घ) उपर्युक्त सभी विकल्प सही है।

# जॉर्ज पंचम की नाक

प्रश्न 1.

जार्ज पंचम की नाक के लिए हथियार बंद पहरेदार क्यों नियुक्त किए गए थे ?
(a) जार्ज पंचम की नाक बहुत सुंदर थी
(b) कुछ लोग उसकी नाक तोड़ देना चाहते थे
(c) वे जार्ज पंचम को इंग्लैंड भेजना चाहते थे
(d) वे नाक को दोबारा बनवाना चाहते थे

प्रश्न 2.

भारतीय अधिकारियों की परेशानी का कारण क्या था?
(a) रानी आए और नाक न हो
(b) रानी का स्वागत किस प्रकार करें
(c) रानी की आगवानी कौन करे
(d) रानी को कहाँ ठहराया जाए

प्रश्न 3.

दिल्ली में फौरन हाजिर होने का हुक्म किसे दिया गया ?
(a) चित्रकार को
(b) नाटककार को
(c) मिस्त्री को
(d) मूर्तिकार को

प्रश्न 4.

किन फाइलों की छानबीन की गई?
(a) सार्वजनिक विभाग की
(b) दिल्ली नगर निगम की
(c) पुरातत्त्व विभाग की
(d) गृह मंत्रालय की

प्रश्न 5.

बिहार में सेक्रेटेरिएट पर झंडा फहराने को लेकर बच्चे कब शहीद हुए थे?

(a) सन् 1932 में
(b) सन् 1935 में
(c) सन् 1930 में
(d) सन् 1942 में

प्रश्न 6.

किस चीज को लेकर दिल्ली में तहलका मचा था ?
(a) जार्ज पंचम की नाक को लेकर
(b) एलिजाबेथ के कुत्ते को लेकर
(c) एलिजाबेथ के सूट को लेकर
(d) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 7.

रानी एलिजाबेथ के दर्जी की परेशानी का क्या कारण था ?
(a) उसे रानी के योग्य अच्छा कपड़ा नहीं मिल रहा था
(b) वह समझ नहीं पा रहा था कि रानी कौन-सा सूट कब पहने
(c) इंग्लैंड के मौसम और भारत के मौसम में काफी अंतर था
(d) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 8.

रानी के सूट पर कितना खर्चा आया था ?
(a) करीब सौ पौंड
(b) दो सौ पौंड
(c) तीन सौ पौंड
(d) चार सौ पौंड

प्रश्न 9.

नई दिल्ली में सब था ............ सिर्फ नाक नहीं थी।' कथन का आशय बताइए ?
(a) नई दिल्ली में कोई विकास नहीं हो रहा था
(b) नई दिल्ली में नेताओं ने सम्मान तक पर रखकर एलिजाबेथ की अगवानी की
(c) नई दिल्ली में मूर्तियों की नाक गायब हो गई थी
(d) भारत में सब सुविधाएँ थीं पर मान-सम्मान नहीं था

प्रश्न 10.

मूर्तिकार यों तो कलाकार था, पर ..............
(a) होनहार था
(b) पैसे से लाचार था
(c) ईमानदार था
(d) दुनियादारी से बेखबर था

प्रश्न 11.

नाक किसका द्योतक होती है ?
(a) मान-सम्मान या प्रतिष्ठा का
(b) गुलामी की
(c) गुलामी की मानसिकता की

प्रश्न 12.

जार्ज पंचम की नाक को लेकर सरकारी तंत्र की बदहवासी उनकी किस मानसिकता को दर्शाती है ?

(a) उनके स्वाभिमान को

(b) आज़ादी की मानसिकता

(c) ग़ुलामी की मानसिकता

प्रश्न 13.

'जार्ज पंचम की नाक' व्यंग्य में किस विदेशी के भारत आने की चर्चा हो रही है ?

(a) जार्ज डब्ल्यू बुश

(b) जार्ज पंचम

(c) रानी एलिजाबेथ

प्रश्न 14.

अखबारों में क्या खबर छपी ?

(a) नाक के लिए पत्थर नहीं मिला

(b) नाक लग गई है

(c) नाक का मसला हल हो गया है

(d) रानी का आगमन टल गया है

प्रश्न 15.

पहली बार दरवाजे बंदकर मूर्तिकार ने क्या सुझाव दिया?

(a) नेताओं की मूर्ति से नाक उखाड़कर जार्ज पंचम की मूर्ति पर लगाने का

(b) नकली नाक लगाने का

(c) प्लास्टिक की नाक लगाने का

(d) अजायबघर में पड़ी मूर्ति की नाक इस पर लगाने का

प्रश्न 16.

अंत में मूर्तिकार ने कैसी नाक लगाने का सुझाव दिया?

(a) पत्थर की नाक

(b) जिंदा नाक

(c) प्लास्टिक की नाक

(d) लाख की नाक

प्रश्न 17.

लोगों ने अग्रेजों की लाटों को कहाँ पहुँचाया ?
(a) चिड़ियाघर में
(b) अजायबघर में
(c) नहर में
(d) यमुना को समर्पित किया

प्रश्न 18.

'जार्ज पंचम की नाक' में किस पर व्यंग्य किया गया है?
(a) रानी एलिजाबेथ पर
(b) सरकारी तंत्र पर
(c) रानी के दर्जी पर
(d) भारतीयों की मेहमान नवाजी पर

प्रश्न 19.

भारतीय अधिकारियों की परेशानी का कारण क्या था?
(a) रानी आए और नाक न हो
(b) रानी का स्वागत किस प्रकार करें
(c) रानी की आगवानी कौन करे
(d) रानी को कहाँ ठहराया जाए

प्रश्न 20.

'इंग्लैंड के अखबारों की कतरनें हिन्दुस्तानी अखबार में अगले दिन चिपकी नज़र आती थीं' आशय स्पष्ट कीजिए ?
(a) भारतीय उस समय दूसरे अखबारों की कतरनों से अखबार तैयार करते थे ।
(b) भारतीय अखबार खबरें चुराकर छापते थे
(c) जो खबर इंग्लैंड के अखबार में छपती थी अगले दिन वह खबर भारतीय अखबारों में छप जाती थी
(d) एलिजाबेथ ने अखबार वालों को प्रचार करने के लिए कहा था

# साना-साना हाथ जोड़ि

प्रश्न 1.

गंतोक में सुबह आँख खुलते ही लेखिका बालकनी की ओर क्यों दौड़ी ?

(a) माउंट एवरेस्ट देखने के लिए

(b) कंचनजंगा देखने के लिए

(c) धौलागिरी

(d) अमरनाथ की गुफा

प्रश्न 2.

जितेन ने 'खेदुम' को किनका निवास बताया है ?

(a) देवी-देवताओं का

(b) बड़े व्यापारियों का

(c) असुरों का

(d) शापग्रस्त लोगों का

प्रश्न 3.

"तिम्रो माया सैं घे मलाई सताऊँछ' का अर्थ क्या है ?

(a) तुम्हारी माया तुम ही जानों

(b) तुम्हारा प्यार अमर है

(c) तुम्हारा प्यार मुझे सदैव रुलाता है

(d) तुम्हारा प्यार सच्चा है

प्रश्न 4.

मन वृदांवन होने का अर्थ है ... ?

(a) वृदांवन की सैर करना ।

(b) वृदांवन में मन बस जाना

(c) ब्रजवासी होना

(d) अत्यधिक प्रसन्न होना

प्रश्न 5.

प्रकृति जल संचय की व्यवस्था किस प्रकार करती है ?

(a) सदियों में पर्वतों पर बर्फ पड़ती है

(b) गर्मियों में वह बर्फ पिंघलती है ।

(c) पहाड़ों से निकलने वाली नदियाँ लोगों की प्यास बुझाती हैं

(d) सभी कथन सत्य हैं

प्रश्न 6.

लेखिका ने जब एक सिक्किमी युवती से पूछा " क्या सिक्किमी हो तो उसने क्या जवाब दिया?

(a) हाँ मैं सिक्किमी हूँ

(b) नही मैं बंगाली हूँ

(c) मैं इंडियन हूँ

(d) मैं गढ़वाली हूँ

प्रश्न 7.

पहाड़ी कुत्तों की मणि ने क्या विशेषता बताई ?

(a) पहाड़ी कुत्ते केवल चाँदनी रात में ही भौंकते हैं

(b) ये बहुत खतरनाक होते हैं

(c) ये बहुत शक्तिशाली होते हैं

(d) ये केवल सफेद रंग के होते हैं

प्रश्न 8.

लेखिका के ड्राइवर का क्या नाम था?

(a) जितेन

(b) महेश

(c) मणि

(d) गुरुंग

प्रश्न 9.

जितेन ने देवी-देवताओं के निवास वाली जगह का क्या नाम बताया ?

(a) यूमथांग

(b) खेदुम

(c) कटाव

(d) भेटुला

प्रश्न 10.

गैंगटॉक (गंतोक) का अर्थ क्या है ?

(a) जलाशय

(b) चोटी

(c) पहाड़

(d) पठार

प्रश्न 11.

जितेन ने यूमथांग घाटी में किस फिल्म की शूटिंग होने की बात कही है ?

(a) गाइड

(b) एक फूल दो माली

(c) बरसात

(d) फूल खिले हैं गुलशन-गुलशन

प्रश्न 12.

गंतोक को मेहनतकश बादशाहों का शहर क्यों कहा जाता है ?
(a) वहाँ बादशाह रहते हैं
(b) लोगों के परिश्रम के कारण
(c) इस शहर को यहाँ के लोगों ने अपने परिश्रम से खूबसूरत बनाया है
(d) यहाँ के लोग बहुत बहादुर होते हैं

प्रश्न 13

'कटाओ' पर दुकान होने से इस सुंदर घाटी को क्या नुकसान होता ?
(a) यहाँ का नैसर्गिक सौंदर्य नष्ट हो जाता
(b) यहाँ के लोग बाहरी वस्तुएँ खरीदने लगते
(c) यहाँ भू-माफियों का कब्जा हो जाता
(d) यहाँ के लोगों का जीवन अशांत हो जाता

प्रश्न 14

लेखिका ने गंगटोक को किसका शहर कहा है ?
(a) मेहनतकश बादशाहों का
(b) परिश्रमी लोगों
(c) वैज्ञानिको की देन का
(d) प्राचीन परंपराओ का

प्रश्न 15

गंतोक में श्वेत पताकाएँ किस अवसर पर फहराई जाती हैं ?

(a) शांति के अवसर पर
(b) युद्ध के अवसर पर
(c) शोक के अवसर पर
(d) किसी उत्सव के अवसर पर

प्रश्न 16.

देखते ही देखते रास्ते किसकी तरह घुमावदार होने लगे?
(a) रस्सी की तरह
(b) जलेबी की तरह
(c) साँप की तरह
(d) नदी की तरह

प्रश्न 17.

लेखिका ने साना-साना हाथ जोड़ि प्रार्थना किससे सीखी ?
(a) जितेन नार्गो से
(b) स्कूली बच्चों से
(c) नेपाली युवती से
(d) स्कूल की शिक्षिका से

प्रश्न 18.

यूमथांग घाटी की क्या विशेषता है ?
(a) यह घाटी बहुत गहरी है
(b) यह घाटी फूलों से भर जाती है
(c) यह खतरनाक घाटी है
(d) इस घाटी में बड़े-बड़े मैदान हैं

प्रश्न 19.

भारतीय आर्मी के किस कप्तान ने यूमथांग को 'टूरिस्ट स्पॉट' बनाने में सहयोग दिया ?
(a) कप्तान शेखर दत्त
(b) कप्तान शेखर कपूर
(c) कप्तान जोगेन्द्र सिंह
(d) कप्तान सुब्बाराव

प्रश्न 20.

'साना-साना हाथ जोड़ि पाठ' में किस शहर के सौंदर्य का वर्णन है ?
(a) अगरतला
(b) गुवाहटी

(c) महाबलेशर
(d) गंगटोक